# ऑटो पार्ट्स की बिक्री अप्रैल-सितंबर में 34.8% बढ़कर 2.65 लाख करोड़

**नई दिल्ली |** घरेलू मांग और विदेशी शिपमेंट बढ़ने से अप्रैल-सितंबर में ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री की बिक्री 34.8% बढ़कर 2.65 लाख करोड़ रुपए हो गई। 2021 की समान छमाही में ये आंकड़ा 1.97 लाख करोड़ था। ऑटो पार्ट्स कंपनियों के शीर्ष संगठन एक्मा की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक, सभी सेगमेंट की बिक्री बढ़ी है। इसमें ऑटोमोबाइल कंपनियों को सप्लाई, निर्यात और आफ्टर मार्केट सेल शामिल है। एक्मा के मुताबिक, बीता वित्त वर्ष भी 2021-22 ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री के लिए अच्छा साबित हुआ था।